

मुरैना पहुंचीं शुगर मिल चालू करो पदयात्रा, कलेक्ट्रेट पर सत्याग्रह

नवभारत न्यूज

मुरैना, 23 नवंबर। कैलारस से 21 नवंबर को शुरू हुई शक्कर कारखाना चलाओ पदयात्रा तीसरे दिन करीब 50 किलोमीटर का सफर तय कर 23 नवंबर को मुरैना कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां प्रदर्शन और जनसत्याग्रह के बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें कैलारस शक्कर कारखाने को सहकारिता क्षेत्र में चालू कराने, किसानों, कर्मचारियों का बकाया भुगतान करने और कारखाने की परिसंपत्तियों को खुर्द-बुर्द होने से बचाने की मांग की गई।

सभा में किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी, जुगलकिशोर पिप्पल, रामप्रकाश गुर्जर, माकपा जिला सचिव मुरारीलाल धाकड़, पूर्व संचालक गयाराम सिंह धाकड़, कांग्रेस के डॉ. मुरारीलाल अमर, नरेश गोस्वामी, कृष्णा यादव, राजवीर धाकड़ सहित अन्य वक्ताओं ने कारखाना चालू कराने की मांग उठाई। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर विधानसभा का घेराव और अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान स्वामित्व योजना के तहत जवाहर कॉलोनी, अलापुर और बिलगांव चौधरी पंचायत के छूटे परिवारों के नाम जोड़ने की मांग भी उठाई गई। इस संबंध में कलेक्टर को आवेदन दिया गया। संघर्ष समिति ने आगामी आंदोलन की रणनीति तय करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने का निर्णय लिया है।

मिलावट-मनमानी फीस के मुद्दे उठाएगी अभा ग्राहक पंचायत

नवभारत न्यूज



मुरैना, 23 नवंबर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला मासिक बैठक 22 नवंबर को प्रांत सह सचिव एवं जिला प्रभारी देवेंद्र भार्गव की मौजूदगी में हुई। बैठक में ग्राहकों के शोषण से जुड़े मुद्दों पर शासन-प्रशासन को ज्ञापन देने और ग्राहक जागरण पखवाड़ा मनाने की कार्य योजना बनाई गई।

खाद्य पदार्थों में मिलावट, एमआरपी से अधिक वसूली, निजी स्कूलों की मनमानी फीस व महंगी किताबों, ड्रेस, पेट्रोल पंपों पर मूलभूत सुविधाओं की कमी, मेडिकल स्टोर से बिल नहीं मिलने, बस-ऑटो में मनमाना किराया और अनफिट बसों में सफर कराने जैसे मुद्दे उठाए जाएंगे। दुकानदारों और टैक्सी चालकों द्वारा एक-दो रुपए के सिक्के नहीं लेने की शिकायत भी प्रशासन तक पहुंचाई जाएगी। भार्गव ने भोपाल में 26 सितंबर को हुई प्रांतीय बैठक में तय कार्ययोजना की जानकारी दी। बैठक में जिला संयोजक विदुर दंडोतिया क्षत्रिय, प्रदीप शर्मा, गिर्राज सिकरवार, रवि यादव, निशांत शर्मा, प्रवेंद्र अर्गल मौजूद रहे।

4 घंटे रेस्क्यू चले रेस्क्यू के बाद कुएं से निकाला गौवंश

नवभारत न्यूज

मुरैना, 23 नवंबर। जौरा तहसील के जाफराबाद गांव में खुले कुएं में गिरे गौवंश को गौसेवकों ने चार घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद जिले में खुले कुओं को सुरक्षित नहीं किए जाने पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह की सूचना पर गौ रक्षा दल के नगर अध्यक्ष हर्ष गौड़, विपिन पचौरी और अंकित यादव रेस्क्यू संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचे। विपिन पचौरी कुएं में उतरे और ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर के जरिए गौवंश को बाहर निकाला। गौसेवकों का आरोप है कि जौरा एसडीएम, ग्राम पंचायत सचिव और सरपंच से मदद मांगी गई, लेकिन प्रशासन और पंचायत की ओर से कोई सहायता नहीं मिली। इसके बाद टीम ने स्वयं रेस्क्यू अभियान चलाया। गौ रक्षा दल ने जिले के सभी खुले कुओं का सर्वे कर उन्हें ढंकने या सुरक्षा घेरा बनाने, निर्देशों का पालन कराने और लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। रेस्क्यू में रुद्रप्रताप सिंह, हर्ष गौड़, विपिन पचौरी, अंकित यादव और ग्रामीण शामिल रहे।

एक नजर में

घर से भटका मासूम डायल-112 के जवानों ने परिजन को सौंपा



मुरैना, 23 नवंबर। स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के गंज रामपुर मोड़ के पास खेलते-खेलते घर से निकला चार वर्षीय बालक रास्ता भटक गया। सूचना मिलने पर डायल-112 के आरक्षक शिवम यादव और पायलट अनिल ने मौके पर पहुंचकर बच्चे को सुरक्षित संरक्षण में लिया। जवानों ने आसपास के इलाके में परिजनों की तलाश की और लोगों से पूछताछ की, लेकिन जानकारी नहीं मिलने पर बालक को थाने ले आए। कुछ देर बाद परिजन भी बच्चे को तलाशते हुए थाने पहुंच गए। पहचान और सत्यापन के बाद पुलिस ने बालक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

हवाई हमला-ब्लैक आऊट की मॉकड्रिल 26 नवंबर को

मुरैना, 23 नवंबर। जिले में 26 नवंबर को सिविल डिफेंस मॉक अभ्यास होगा। इसमें हवाई हमले की चेतावनी, ब्लैकआउट, सुरक्षित स्थानों पर निकासी, खोज एवं बचाव और राहत कार्यों का अभ्यास कर आपातकालीन तैयारियां परखी जाएंगी। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने जिला कमांडेंट होमगार्ड को अभ्यास का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। पुलिसए प्रशासन, स्वास्थ्य, नगर निगम और शिक्षा विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। अभ्यास में सिविल डिफेंस स्वयंसेवक, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स और अन्य हितधारक शामिल होंगे।

माथुर वैश्य समाज निर्वाचन : 151 वोटों से विजयी हुए श्रीभगवान मुंदरे



मुरैना/पोरसा, 23 नवंबर। माथुर वैश्य समाज की उत्तर शाखा के चुनाव में श्रीभगवान गुप्ता मुंदरे ने हरिशंकर गुप्ता को 151 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। रविवार को मतदान और मतगणना के बाद परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह छा गया। चुनाव में शुरुआत में तीन प्रत्याशी मैदान में थे। सीताराम गुप्ता ने श्रीभगवान गुप्ता को समर्थन दे दिया, जिसके बाद मुकाबला दो प्रत्याशियों के बीच रह गया। जीत के बाद सोमवार को श्रीभगवान गुप्ता का विजय जुलूस निकाला गया। विभिन्न मंदिरों में दर्शन के बाद रास्ते में जगह-जगह समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। जुलूस में सैकड़ों समर्थक शामिल हुए। आतिशबाजी और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया गया।

42 विद्युत बकायादारों के कनेक्शन काटे, 3 .24 लाख वसूले



मुरैना/जौरा, 23 नवंबर। बिजली बिलों का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफविद्युत विभाग ने कार्रवाई करते हुए 23 नवंबर को 42 बकायादारों के कनेक्शन काट दिए। अभियान के दौरान टीम ने 3 लाख 24 हजार रुपए की बकाया राशि भी वसूली। सहायक यंत्री अखिलेश कुमार सिंह और कनिष्ठ यंत्री मुकेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में वसूली टीम ने चंद्रशेखर आजाद रोड, सदर बाजार, तहसील चौराहा, हनुमान चौराहा और इस्लामपुर सहित विभिन्न इलाकों में कार्रवाई की। टीम में मनोज कुमार सविता, घनश्याम सिकरवार, अमरकांत शर्मा, मनोज जाटव, ऋषिकेश कुशवाह, ब्रजमोहन धाकड़, हरिओम कुशवाह, रघुवीर कुशवाह, भोला शर्मा और भरत मीणा शामिल रहे।

शिवनगर में विद्युत विभाग की दविश, 30 किग्रा सफेद तार जब्त



मुरैना, 23 नवंबर। शिवनगर कॉलोनी से धौलपुर रोड तक बिजली चोरी और बकाया बिलों के खिलाफ विद्युत वितरण कंपनी ने सोमवार को कार्रवाई की। टीम ने ट्रांसफार्मरों से अवैध रूप से जोड़े गए 50 किलो से अधिक सफेद तार काटकर जब्त किए। वहीं 10 लाख रुपए से अधिक के बकायादारों के बिजली कनेक्शन भी काट दिए। ईई शिवसिंह चौबे और जेई धर्मेंद्र पवार के नेतृत्व में टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दविश देकर ट्रांसफॉर्मरों से अवैध तार जोड़कर बिजली इस्तेमाल करने के मामले पकड़े। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बिजली चोरी और बिल जमा नहीं करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन से बिजली इस्तेमाल करने और बकाया बिल जमा करने की अपील की गई। कार्रवाई के दौरान रविसिंह सिकरवार, मानसिंह सिकरवार, सत्यवीर सिंह सिकरवार सहित सुरक्षा गार्ड मौजूद रहे।

315 बोर की बंदूक-कारतूस के साथ नाबालिग गिरफ्तार

मुरैना, 23 नवंबर। सिहौनिया थाना पुलिस ने ग्राम लक्ष्मीसिंह का पुरा रोड पर उदल के कुएं के पास दविश देकर एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया है। उसके कब्जे से 315 बोर की अवैध देशी बंदूक और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। जब्त हथियार की कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस को 21 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर एक व्यक्ति वारदात की नीयत से हथियार लेकर घूम रहा है। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे बालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी में बंदूक और कारतूस मिले। वैध दस्तावेज नहीं होने पर पुलिस ने हथियार जब्त कर उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। कार्रवाई थाना प्रभारी अतुल सिंह परिहार के नेतृत्व में की गई। इसमें प्रधान आर. प्रवीण, प्रमोद, आरक्षक असगर, राघवेन्द्र, अजय, वीरसिंह और धर्मवीर की भूमिका रही।

टेंट खोलते समय मजदूर की मौत, परिजन ने लगाए आरोप

नवभारत न्यूज



मुरैना, 23 नवंबर। पोरसा थाना क्षेत्र के सेंथरा अहीर गांव में शादी समारोह के बाद टेंट खोल रहे 27 वर्षीय मजदूर सोनू पुत्र गंगासिंह जाटव की मौत को लेकर परिजनों ने संदेह जताया है। परिजनों का कहना है कि करंट लगने की जानकारी दी गई, लेकिन शरीर पर जलने के निशान नहीं मिले। उनकी मांग पर सोमवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया।

मेडिकल बोर्ड से कराया गया पोस्टमार्टम, पुलिस जांच में जुटी

जानकारी के अनुसार सोनू रविवार दोपहर गांव में जयपाल सिंह तोमर के यहां समारोह खत्म होने के बाद टेंट खोल रहा था। इसी दौरान करंट लगने से वह नीचे गिर पड़ा। जयपाल के परिजन उसे पोरसा अस्पताल ले गए, जहां से मुरैना जिला अस्पताल भेजा गया। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सोनू के चाचा राजू ने मौत की परिस्थितियों पर सवाल उठाते हुए मेडिकल बोर्ड से जांच कराने की मांग की। उनका आरोप है कि घटना के बाद परिजनों को सूचना दिए बिना सोनू को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। सोनू के माता-पिता नहीं हैं। उसके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं।

अक्षर आराधना मंच की काव्य गोठी में रचनाकारों ने बांधा समां

नवभारत न्यूज



मुरैना, 23 नवंबर। साहित्यिक संस्था अक्षर आराधना मंच की मासिक काव्य गोष्ठी एवं दीपावली मिलन समारोह संस्था सचिव डॉ. कैलाश गुप्ता सुमन के निवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। अध्यक्षता महेश शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि व्यंग्यकार डॉ. नरेश श्रीवास्तव रहे। प्रहलाद भक्त और सीताराम बघेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अध्यक्ष भारती जैन दिव्यांशी की मौजूदगी और संजेश शर्मा के संचालन में महिमा जैन सुधी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद कवियों ने दीपावली, राष्ट्र प्रेम, सामाजिक विसंगतियों और मानवीय संवेदनाओं पर गीत, गजल और छंद सुनाए। भारती जैन, महिमा जैन, डॉ. कैलाश सुमन, महेश शर्मा, प्रहलाद भक्त, सीताराम बघेल, अब्दुल रहमान अब्बासी, मुरारीलाल प्रजापति, रामानंद अछाई, राजेंद्र सोनी, प्रेरणा परमार, रविराज सिंह चौहान और संजेश शर्मा ने रचनाएं प्रस्तुत कीं। कवियों ने अपनी रचनाओं के जरिए दहेज, टूटते परिवार, सामाजिक आडम्बर और सम सामयिक मुद्दों पर भी प्रहार किया। अंत में साहित्यकारों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

युवाओं के हाथ में हिंदुस्तान...युवा संसद में छाए कैलारस के हर्षित

हर्षित बंसल ने बताया विकसित भारत-2047 में युवाओं का विजन

नवभारत न्यूज



मुरैना/कैलारस, 23 नवंबर। भोपाल स्थित मप्र विधानसभा भवन में 21 और 22 नवंबर को आयोजित युवा संसद में कैलारस के युवा हर्षित बंसल ने विकसित भारत-2047 में युवाओं की भूमिका विषय पर प्रभावशाली विचार रखे। उन्होंने कहा कि युवाओं की नई सोच, ऊर्जा और संकल्प ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी ताकत हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक युवा की जिम्मेदारी और सामूहिक संकल्प होना चाहिए।

हर्षित ने कहा नई सोच है, नई उड़ान है, युवाओं के हाथ में अब हिंदुस्तान है। न रुकेंगे हम, न झुकेंगे, वर्ष-2047 में विकसित और सशक्त भारत बनकर रहेंगे हम। उन्होंने शिक्षा, तकनीक, नवाचार, स्वरोजगार, उद्यमिता और पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को विकसित भारत की मजबूत नींव बताया।

दूसरी बार युवा संसद में सहभागिता

हर्षित इससे पहले 13 और 14 अगस्त-2026 को आयोजित युवा संसद में भी शामिल हुए थे। तब उन्होंने समान नागरिक संहिता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विचार रखे थे। उनकी प्रस्तुति की विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सराहना की थी। दूसरी बार विधानसभा भवन की युवा संसद में कैलारस का प्रतिनिधित्व करना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उनकी उपलब्धि से स्थानीय युवाओं को भी प्रेरणा मिली है।



जौरा में बनेगा झलकारी बाई पार्क, नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 23 नवंबर। वीरांगना झलकारी बाई का जीवन राष्ट्रभक्ति, साहस और संघर्ष की मिसाल है। उनका त्याग और शौर्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। यह बात नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने झलकारी बाई कॉलोनी वार्ड-9 में वीरांगना झलकारी बाई पार्क के भूमिपूजन समारोह में कही।

अखिल भारतीय कोली समाज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में माहेश्वरी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पार्क का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि यह पार्क नई पीढ़ी को झलकारी बाई के गौरवशाली इतिहास, साहस और देशभक्ति से परिचित कराएगा। इस अवसर पर कोली समाज के जिलाध्यक्ष विजय शाक्य, जिला महामंत्री बंटी शाक्य, पुरुषोत्तम शाक्य, रामसिंह शाक्य, गब्बर शाक्य, संदीप शाक्य, मंगल शाक्य, दर्शनलाल शाक्य, बनवारी शाक्य, पार्षद शिवदयाल गौर, बंटी रावत, कदम सिंह कुशवाह, पंजाबी जाटव, भाजपा नेता शगुन जैन, आसाराम कुशवाह सहित समाज के लोग और नागरिक मौजूद रहे।



लॉयन्स क्लब एलीट ने अपना घर आश्रम में प्रभुजनों संग मनाई दीपावली

नवभारत न्यूज

मुरैना, 23 नवंबर। लायंस क्लब मुरैना एलिट के सदस्यों ने पहली बार अपना घर बड़ी आश्रम पहुंचकर वहां निवासरत प्रभुजनों के साथ दीपावली मनाई। क्लब अध्यक्ष अंजना शिवहरे के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों ने प्रभुजनों के साथ समय बिताया, बातचीत की और सत्संग किया। कार्यक्रम की संयोजक आश्रम की महिला अध्यक्ष अंजना गर्ग रहीं।

क्लब की ओर से पानी पूरी, आलू टिक्की, दाल का चीला, चाट, भोजन और प्रसादी की व्यवस्था की गई। इसके बाद सदस्यों ने कार्तिक मास में धौलपुर के मचकुंड पर दीपदान कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन में अध्यक्ष अंजना शिवहरे, सचिव अनुराधा गर्ग, कोषाध्यक्ष अंशुल गोलश, अंजना गर्ग, डॉ. अनीता तुलसानी, प्रभा अग्रवाल, आनेही राठी, सरिता गर्ग, कविता सिंघल, सारिका सिंघल, राधा राजौरिया शामिल रहीं।

पहाड़गढ़ में 20 हेक्टेयर वनभूमि पर कब्जे की कोशिश नाकाम

मुरैना, 23 नवंबर। वन सुरक्षा पखवाड़े के तहत वन विभाग की संयुक्त टीम ने पहाड़गढ़ वन परिक्षेत्र में करीब 20 हेक्टेयर वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। कब्जे की नीयत से लगाई गई बाड़ हटाने के साथ जेसीबी से खंतियां खुदवाकर दोबारा अतिक्रमण का रास्ता बंद किया गया।

वन परिक्षेत्र के बीट कन्हार स्थित वन कक्ष पी-224 में कुछ लोगों ने पेड़ों की कटाई-सफाई कर जमीन को कृषि योग्य बनाया और फसल बोने के लिए जुताई भी कर दी थी। वनभूमि पर कब्जे के लिए चारों ओर बाड़ लगा दी गई थी। सूचना पर एसडीओ सबलगढ़ और वन परिक्षेत्र अधिकारी पहाड़गढ़ के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि इसी क्षेत्र में 18 नवंबर को भी वन विभाग ने करीब 12 हेक्टेयर वनभूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई थी। कार्रवाई में पहाड़गढ़ थाना प्रभारी, सबलगढ़ और पहाड़गढ़ का वन अमला, पुलिस तथा एसएएफ के जवान शामिल रहे। विभाग ने वनभूमि पर कब्जे और अवैध कृषि गतिविधियों के खिलाफकार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, पिता-पुत्र जख्मी, रैफर

केएस चौराहा क्षेत्र में सोमवार की दोपहर हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

मुरैना, 23 नवंबर। केएस चौराहे पर सोमवार को फ्लाईओवर की साइड रोड से हाईवे की ओर जाते समय दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। गंभीर चोट आने पर पिता को ग्वालियर रेफर किया गया, जबकि बेटे को मामूली चोटें आईं।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पलपुरा बसई निवासी रामकेश बघेल अपने 60 वर्षीय पिता सोनेराम बघेल को बाइक पर बैठाकर धौलपुर जा रहे थे। केएस चौराहे के पास सामने से आई दूसरी बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सोनेराम की हालत गंभीर होने पर उन्हें ग्वालियर भेज दिया गया।

योजनाओं का लाभ दिलाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

नवभारत न्यूज



मुरैना, 23 नवंबर। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने टीएल बैठक में विभागीय योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। लापरवाही और देरी पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। स्वामित्व योजना और राजस्व प्रकरणों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के लंबित मामलों का प्राथमिकता से निराकरण करने को कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के आवेदनों का समयसीमा में निराकरण, जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं को पूरा करने और 70 वर्ष से अधिक उम्र के पात्र वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों में तेजी लाने तथा बाजरा खरीदी के लिए सत्यापन कार्य शीघ्र पूरा कराने को कहा। खरीदी केंद्रों पर एफएक्यू मानक के अनुरूप ही बाजरा खरीदने और मंडियों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

आम सूचना

श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व. श्री हुकुम सिंह, मनाली सिंह पुत्री स्व. श्री हुकुम सिंह, श्रीमती पूनम सिंह पुत्री स्व. श्री हुकुम सिंह पत्नी श्री धीरेन्द्र सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड क्र .17 (सम्पूर्ण) स्थित माहौर चौराहा, नंद पुरा रोड, ग्राम बडोखर, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र .28 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र .989/11 ग्राम बडोखर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और जिसकी चतुर्सीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में -ग्रीन एप्पल गार्डन की बाउंड्री, पश्चिम में रोड, उत्तर में- भूखण्ड क्र .14 एवं दक्षिण में भूखण्ड क्र .20 है। उक्त सम्पति एवं संलग्न सम्पति पूर्व में श्री हुकुम सिंह पुत्र श्री चंदन सिंह एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री हुकुम सिंह का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व. श्री हुकुम सिंह, मनाली सिंह पुत्री स्व. श्री हुकुम सिंह, श्रीमती पूनम सिंह पुत्री स्व. श्री हुकुम सिंह पत्नी श्री धीरेन्द्र सिंह, श्री सतवीर सिंह पुत्र स्व. श्री हुकुम सिंह उनकी सम्पति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकार्ड में अपना नाम इंद्राज कराया। श्रीमती शकुन्तला, मनाली सिंह, श्री पूनम सिंह द्वारा अपने भाग की सम्पति के संबंध में श्री सतवीर सिंह पुत्र स्व. श्री हुकुम सिंह के हित में ई-रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र. एमपी 27 आईजीआर 179120250 400737443 दिनांक 20.08.2025 को सम्पादित किया गया। श्रीमती शकुन्तला, मनाली सिंह, श्री पूनम सिंह जरिये मुख्त्यारआम श्री सत्यवीर सिंह द्वारा उक्त सम्पति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती शिवांगी धाकड़ पत्नी श्री अजीत यादव के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती शिवांगी धाकड़ द्वारा उक्त सम्पति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार टाटा कैपीटल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री हुकुम सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र .52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती मंजू यादव पत्नी श्री मुलायम सिंह यादव निवासी ग्राम पलखिनी तहसील कैलारस जिसने कैलारस के भूमि सर्वे क्रमाक 325/2 रकवा के अंश में से एक प्लॉट 20 बाई 40 बराबर 800 वर्गफुट को उसके स्वामी व आधिपत्यधारी श्री सफात हुसैन पुत्र बाबू खां निवासी शेख गली कैलारस से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमाक MP25832022A1826870 दिनांक 08/08/2022 को द्वारा क्रय किया था। जिसकी चतुर सीमा इस प्रकार है, उत्तर में सरोज धाकड़ का प्लॉट दक्षिण में रास्ता 25 फुट, पूर्व प्लॉट सनेही धाकड़, पश्चिम में बंटी कुशवाह का प्लॉट स्थित है। उक्तप्लॉट पर मेरा पक्षक मंजू यादव सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा सुजर्मा से होम लोन लेने के लिए आवेदन कर रही है। उक्त प्लॉट के संबंध मे किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वह व्यक्ति या संस्था या बैंक मेरे कार्यालय में 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज तथा लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे। इसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। अतः सर्व साधारण सूचित हो।

अधिवक्ता-श्यामसुन्दर गोयनर
कार्यालय-प्रताप मार्ग कैलारस जिला मुरैना म.प्र.

IIFL FINANCE

आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड | CIN: L67100MH1995PLC093797
पंजीकृत कार्यालय: आईआईएफएल हाउस, सन इन्फोटेक पार्क, रोड नंबर 16वी, प्लॉट नंबर बी-23, ठाणे इंडस्ट्रियल एरिया, वागले एस्टेट, ठाणे - 400604
फ़ोन: 022-41035000 • फ़ैक्स: 022-25806654 • टोल-फ़्री: 1860-267-3000
ई-मेल: gold-helpline@iifl.com • वेबसाइट: www.iifl.com

सार्वजनिक सूचना - गिरवी रखे गए सोने की नीलामी

संबंधित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड ("आईआईएफएल") - जो भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पंजीकृत एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी है - यहाँ बताए गए लोन अकाउंट्स में गिरवी रखे गए सोने की सार्वजनिक नीलामी करेगी, जहाँ उधारकर्ता ने भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के समय-समय पर जारी निर्देशों ("RBI निर्देश"), लोन एग्रीमेंट की शर्तों और आईआईएफएल के बोर्ड से मंज़ूर गोल्ड लोन पॉलिसी के अनुसार, संचार के उपलब्ध माध्यमों से नीलामी का नोटिस और रिमाइंडर मिलने के बावजूद अपने लोन अकाउंट का भुगतान नहीं किया है या उसे नियमित नहीं किया है।

नीलामी की तारीख, समय और जगह: सार्वजनिक नीलामी **03.12.2026 को सुबह 10:00 बजे से** आईआईएफएल की इस ब्रांच में होगी: **मुरैना - मुरैना जी.एल., आईआईएफएल गोल्ड लोन, ग्राउंड फ्लोर, साबिर हुसैन फ़िज़ा प्लाज़ा, एस.पी. बंगले के सामने, एम.एस. रोड, मुरैना, पिन कोड - ४७६००१ (मध्य प्रदेश)।।**

यह नीलामी उसी ज़िले में मौजूद लोन देने वाली शाखाओं के लोन अकाउंट से जुड़ी है।

गोल्ड लोन अकाउंट का विवरण: लोन अकाउंट नंबर- GL40929359, GL46086157, GL35696625, GL43998397, GL44170665, GL43478539, GL43275926, GL43368164, GL45006937, GL50669643, GL45602484, GL51265422, GL50703489, GL43502965, GL44180857, GL50841346, GL43268496, GL46682785, GL48298693, GL43862005, GL44015247, GL40763812, GL44638442, GL47880414, GL47051720, GL50839256, GL44529358, GL46405720, GL50672733, GL46637167, GL41802612, GL50706074, GL45918211.

डिफ़ॉल्ट करने वाले उधारकर्ता (उधारकर्ताओं) के नाम, गिरवी रखे गए सोने की जानकारी और संबंधित शाखा का पता संबंधित शाखा और ऊपर बताए गए नीलामी केंद्र पर देखा जा सकता है। साथ ही, यह जानकारी आईआईएफएल कस्टमर केयर 1860-267-3000 या www.iifl.com से भी प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी से पहले भुगतान का अधिकार: उधारकर्ता/उनके कानूनी वारिस ऋण समझौते और मुख्य तथ्य के विवरण (KFS) में उल्लिखित ब्याज और लागू शुल्क सहित संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर सकते हैं और नीलामी की तारीख तक किसी भी समय लोन एकाउंट बंद या नियमित कर सकते हैं, जिसके बाद खाते को नीलामी से हटा लिया जाएगा।

इस प्रकाशन की तारीख या उसके बाद बंद किए गए या नियमित किए गए खातों से आनुपातिक प्रकाशन शुल्क वसूल किया जाएगा।

मृत उधारकर्ता: यदि कोई उधारकर्ता मृत है, तो यह सूचना और नीलामी की शर्तें उधारकर्ता के कानूनी वारिसों पर लागू होंगी।

आरक्षित मूल्य: नीलामी, RBI के निर्देशों के अनुसार तय किए गए गिरवी रखे सोने की मौजूदा कीमत के कम से कम 90% (उन लोन अकाउंट के लिए 85% जिनकी नीलामी दो बार फेल हो चुकी है) के आरक्षित मूल्य पर होगी।

बिक्री का आधार: नीलामी "जैसी है, जहाँ है", "जैसी है, वैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर की जाएगी। बोली लगाने के इच्छुक लोगों को सलाह दी जाती है कि वे बोली लगाने से पहले दिखाए गए गिरवी रखे सोने की जानकारी देख लें और खुद संतुष्ट हो लें।

स्थगन / वापसी: आईआईएफएल दर्ज किए जाने वाले कारणों से नीलामी को स्थगित कर सकता है या किसी भी लोन अकाउंट को उससे वापस ले सकता है, जिसमें खाते का पुनर्भुगतान या नियमितीकरण, किसी अदालत या प्राधिकरण के आदेश, या परिचालन संबंधी आवश्यकताएं शामिल हैं।

अगर यहाँ बताई गई तारीख पर नीलामी नहीं हो पाती या पूरी नहीं हो पाती है, तो आईआईएफएल अपनी मर्